भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1671

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

तमिलनाडु में सड़कों का निर्माण

1671. श्री टी॰आर॰वी॰एस॰ रमेशः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2014 से अब तक तमिलनाडु राज्य में निर्मित एक्सप्रेसवे और अन्य प्रकार की सड़कों का प्रकार/सड़क-वार लंबाई कितनी है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेवार है। विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और उन्नयन पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात घनत्व और निधियों की उपलब्धता आदि के आधार पर किया जाता है। 2014 से तमिलनाडु राज्य में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई निम्नानुसार है:

विवरण	वर्ष 2014-15	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17	वर्ष 2017-18	वर्ष 2018-19
2 लेन	33.12	136.55	76.66	84.13	69.33
4 लेन	2.99	23	103.07	77.25	41.90
6/8 लेन	6.27	2	0	0	0
एक्सपैसवे	0	0	0	0	0

*****